समृध्दि का बगीचा

एक सुबह-
क्या ये वही नवविवाहित जोड़ा हैं, अयान और मेहर? वे काफी परेशान लग रहे हैं, बीरबल...
हाँ महाराज। लगता है, उनके सुखद जीवन में कोई परेशानी आ गई है।
उन्होंने कारण जानने का फैसला किया-
महाराज, हमारा जीवन सुखों से भरा है, लेकिन...
लेकिन? आप लोगों को क्या बात परेशान कर रही है?
महाराज, हमारे रिश्तेदारों ने हमें शादी में काफ़ी धनराशि भेंट की है। हम उसे निवेश करना चाहते हैं...
...लेकिन हमें समझ नहीं आ रहा कि इसकी शुरुआत कैसे करें।
बस इतनी सी बात? चिंता मत करो। मंत्रीजी तुम्हारी मदद करेंगे।
अयान, मेहर, मुझे बताओ, क्या तुम्हें बागवानी पसंद है?
बागवानी?!
मंत्रीजी, बागवानी का वित्तीय योजना से क्या लेना-देना है?
सब कुछ, मेरे युवा दोस्तों! संपत्ति का विकास किसी बगीचे को सँवारने जैसा ही है।

तो फिर, क्या हम इन पौधों को लगाएँ?
ठीक है। मैं कुछ और गमले ले आती हूँ।
क्यों? हम इन्हें इसी गमले में लगा सकते हैं। इसमें पर्याप्त जगह है।
लेकिन ये ठीक तरीके से नहीं बढ़ पाएँगे। इनकी ज़रूरतें अलग हैं।
और अगर एक सड़ गया, तो ये बाकी को भी खराब कर देगा। हमें इन्हें अलग-अलग लगाना चाहिए।
सही कहा! ये पौधे वैसे ही हैं जैसे तुम्हारे जीवन के लक्ष्य, जिनमें से हर एक को एक निश्चित समय और वित्तीय योजना की जरूरत होती है। ठीक वैसे ही जैसे अलग-अलग पौधों को बढ़ने के लिए अलग-अलग गमलों की जरूरत होती है।
बच्चे का जन्म
घर
यात्रा
शिक्षा
भविष्य
अलग-अलग लक्ष्यों के लिए अलग-अलग योजनाएँ चाहिए!
लेकिन हमें कैसे पता चलेगा कि कौन सी योजना ठीक रहेगी?
इनमें से कुछ पौधों को अच्छे से बढ़ने के लिए नियमित पानी और धूप चाहिए, जबकि कुछ को कम पानी चाहिए। कुछ जल्दी बढ़ते हैं, तो कुछ को फल देने में सालों लग सकते हैं।

ठीक वैसे ही, कुछ योजनाएँ कम समय में निश्चित रिटर्न देती हैं। ऐसी योजनाएँ तुम्हारे तुरंत पूरे होने वाले लक्ष्यों के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं।
वहीं कुछ योजनाओं में लंबे समय तक नियमित रूप से पैसा जमा करना पड़ता है लेकिन ये अंत में बड़ा लाभ दे सकती हैं।
जैसे आम का पौधा बड़े पेड़ में बदलकर अनगिनत आम देता है!
हमें बस उसे ठीक ढंग से पालना होता है ताकि भविष्य में उसका लाभ उठा सकें।
लेकिन हमेशा एक 'आपातकालीन गमला' पास रखना चाहिए ताकि किसी अनपेक्षित घटना से तुम्हारे 'पौधों' को कोई नुकसान न हो।
हाँ! ठीक वैसे ही जैसे आपातकाल के लिए एक बैकअप फ़ंड।
तो, अपने 'सपनों' की योजना समझदारी से बोइए,मेरे दोस्तों।
और उनका ख्याल नियमित रूप से, धैर्य के साथ रखो।
जल्द ही हमारा 'निवेश का बगीचा' बहारों से भर जाएगा!
फिर हम सभी 'समृध्दि के बगीचे' में सैर का आनंद ले सकते हैं!

एक्टिविटी

अयान और मेहर उलझन में हैं। उनके पास उपहार की धनराशि को इस्तेमाल करने के तीन विकल्प हैं, लेकिन केवल एक विकल्प से ही उन्हें पैसा बढ़ाने में मदद मिल सकती है। आइये सही रास्ता चुनने में उनकी मदद करें।

विकल्प 1: बिना सत्यापित किए गए ऑनलाइन या सोशल मीडिया टिप्स के आधार पर निवेश करना

विकल्प 2: पैसे किसी ऐसे रिश्तेदार को देना जो निवेश के बारे में थोड़ा बहुत जानता हो

विकल्प 3: सेबी पंजीकृत निवेश सलाहकार की मदद से निवेश करना

बीरबल ने अयान और मेहर को उनके वित्तीय योजना और निवेश में मदद करने के लिए स्टेप-बाय-स्टेप निर्देश दिए। लेकिन उत्साह में आकर अयान और मेहर ने इन चरणों को उलट-पुलट कर दिया है। उनकी मदद करें और चरणों को सही क्रम में लगाइए।

☐ a. चुनी हुई योजना में राशि का निवेश करें

☐ b. यह देखें कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं

☐ c. निवेश के लक्ष्य पहचानें

☐ d निवेश योजना और प्रक्रिया के बारे में जानकारी लें

☐ e. अपने निवेश के लिए समय सीमा तय करें – छोटी अवधि या लंबी अवधि



उत्तर: 1) विकल्प 3: निवेश सलाहकार (सेबी। पंजीकृत) की मदद से निवेश करना।
2) सही क्रम है (c, b, e, d, a)